शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट - सराहनीय कार्य दिनांक 20.10.2024

SWAT, थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता

SWAT, थाना रामचन्द्र पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे करीब 2.50 लाख रूपये की अवैध 780 ग्राम की फाइन क्वालिटी अफीम व एक अदद मोबाइल के साथ अन्तर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार।

उत्तर प्रदेश शासन की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की मंशा एवं वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशों के अनुरुप जनपद शाहजहांपुर मे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी है। उक्त क्रम में ही **दिनांक 19.10.2024** को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा **एक अन्तर्राज्यीय अफीम तस्कर** को गश्त/चैकिंग के दौरान **सीतापुर बरेली हाइवे से रिलाइंस की ओर जाने वाले रोड** थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहांपुर के कुशल नेतृत्व मे थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस देखरेख शान्ति व्यवस्था, रोकथाम अपराध जुर्म जरामय व चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन मे हरदोई चौराहे पर मामूर थी जैसे ही सीतापुर बरेली हाइवे से रिलाइंस की ओर जाने वाले रोड से आगे करीब 50 कदम बढे तो एक व्यक्ति जीप की रोशनी मे खड़ा दिखाई दिया जो किसी अपराध के करने की फिराक मे था सदिग्ध प्रतीत हो रहा था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा **सीतापुर बरेली हाइवे से रिलाइंस की ओर जाने वाले रोड पर उक्त अफीम तस्कर को 780 ग्राम अफीम** के साथ गिरफ्तार करने में महत्पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणो के विरुद्ध थाना रामचन्द्र मिश पर N.D.P.S के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम/पताः

1. अजय कुमार दास पुत्र दिनेश दास निवासी भटंडी थाना रोसडा जिला समस्तीपुर बिहार उम्र 28 वर्ष

गिरफ्तार का स्थान/समयः

सीतापुर बरेली हाइवे से रिलाइंस की ओर जाने वाले रोड दिनांक 19.10.2024 समय करीब 22:30 बजे

पंजीकृत अभियोग का विवरणः

मु0अ0सं0 317/2024 धारा 8/18 N.D.P.S ACT थाना रामचन्द्र मिशन, जिला शाहजहांपुर।

बरामदगी का विवरण:

1. अवैध अफीम वजन करीब 780 ग्राम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत करीब 2.50 लाख रुपये)
2. एक अदद मोबाइल नगद

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अजय कुमार

1. मु0अ0सं0 317/24 धारा 8/18 NDPS.ACT थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहांपुर

पूछताछ का विवरण:-

अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त अजय कुमार दास पुत्र दिनेश दास निवासी भटंडी थाना रोसडा जिला समस्तीपुर बिहार ने अपने कब्जे से दिनांक 19.10.24 को पकड़ी गयी अवैध अफीम के बारे में बताया कि बिहार में अफीम के खेती होती है। वहा से मैं अफीम लाकर भिन्न-भिन्न राज्यों में बेचता हूँ। जिसकी मुझे अच्छी रकम मिल जाती है। मैं कई बार पहले भी अफीम लाकर बेच चुँका हूँ। आज मैं अफीम बेचने के लिये आया था। मैं बिलपुर में जाकर एक आदमी को यह अफीम देता और दिल्ली चला जाता। इस दौरान आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मुझसे गलती हो गयी है मुझे माफ कर दो मै भविष्य मे इस तरह का काम दुबारा नही करूगा।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

SWAT/एस0ओ0जी0 टीम

1. हे0का0 369 सुशील शर्मा
2. हे0का0 467 खालिद हुसैन
3. हे0का0 157 उदयवीर सिंह
4. हे0का0 247 तौसीम हैदर
5. हे0का0 536 दिलीप कुमार
6. का0 1943 कमल सिंह

सर्विलांस सेल

1. का0 प्रभात चौधरी
2. का0 मुकुल खोखर
3. का0 सचिन यादव

थाना रामचन्द्र पुलिस टीम

1. उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर
2. का0 2081 सूर्य प्रताप सिंह थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर